Helpline **1064**

**94135-02834**

# कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

- **जयपुर में जिला खाद्य सुरक्षा एवं औषधी नियत्रंण, जयपुर कार्यालय का अति. प्रशासनिक अधिकारी 5,000/– रूपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार।**

जयपुर, 07 अप्रेल सोमवार। एसीबी मुख्यालय के निर्देश पर ए.सी.बी. चौकी जयपुर नगर–प्रथम जयपुर द्वारा आज कार्यवाही करतें हुए आरोपी श्री दिनेश कुमार अति. प्रशासनिक अधिकारी को 5,000/– **रूपये** रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के **महानिदेशक पुलिस श्री डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा** ने बताया कि ए.सी.बी. चौकी जयपुर नगर–प्रथम जयपुर को एक शिकायत इस आशय की मिली की श्री दिनेश कुमार अति. प्रशासनिक अधिकारी द्वारा परिवादी को उनकी मेडिकल कि दुकान का नाम परिवर्तन करने की एवज में 5,000 रूपये रिश्वत राशि की मांग की जाकर परिवादी को परेशान किया जा रहा है।

जिस पर एसीबी जयपुर के **उप महानिरीक्षक पुलिस–द्वितीय श्री राहुल कोटोकी** के सुपरविजन में ए.सी.बी. चौकी जयपुर नगर–प्रथम जयपुर के **अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री भूपेन्द्र** के नेतृत्व में आज **उप अधीक्षक पुलिस श्री नीरज गुरनानी** मय टीम के ट्रैप कार्यवाही करते हुए आरोपी श्री दिनेश कुमार, उम्र 59 वर्ष, निवासी 841/44, प्रेम नगर, फाय सागर रोड़ अजमेर हाल 3–ड–5, जवाहर नगर जयपुर हाल अति. प्रशासनिक अधिकारी कार्यालय जिला खाद्य सुरक्षा एवं औषधी नियत्रंण जयपुर को परिवादी से **5,000/– रूपये** रिश्वत राशि लेते हुए रंगे हाथो गिरफ्तार किया गया।

एसीबी की **अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस श्रीमति स्मिता श्रीवास्तव** के सुपरविजन में आरोपी से पूछताछ तथा कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।